

मेरे राज्यसभा सांसद बनने के बाद से 'उषा स्कूल ऑफ एथलेटिक्स' को निशाना बनाया जा रहा है। मुझ पर निजी हमले हो रहे हैं। कुछ गुंडों ने शुक्रवार रात एकेडमी में घुसकर गुंडागर्दी की। लड़कियां इससे डर गई हैं। - पी.टी. ऊषा

धावक पी. टी. उषा, शुक्रवार रात को कुछ लोगों के एकेडमी में घुसने कंस्ट्रक्शन वर्क करने पर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



### बेन स्टोक्स

**स्टार** ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने अगले साल भारत में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप में इंग्लैंड की खिताब की रक्षा के अभियान के लिए एकदिवसीय संन्यास से वापसी की संभावना को खारिज नहीं किया है। इंग्लैंड के 31 साल के टेस्ट कप्तान स्टोक्स ने जुलाई में काम के बोझ का हवाला देते हुए एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी लेकिन इस फैसले के पांच महीन से भी कम समय बाद उन्होंने अपनी वापसी के दरवाजे खुले रखे हैं। वेबसाइट ने स्टोक्स के हवाले से कहा, ''क्या पता उस समय विश्व कप को लेकर मैं क्या सोच रहा हूं।''

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्वकप फुटबॉल इतिहास की पहली हैट्रिक अर्जेंटीना के खिलाड़ी गुलियो स्टेदिल ने मैक्सिको के खिलाफ की थी।

## झारखंड को हरा कर बंगाल सेमीफाइनल में

कोलकाता, 4 फरवरी। खेल के हर विभाग में मेहमान झारखंड को बौना साबित करते हुये बंगाल ने रणजी ट्राफी के पांच दिवसीय क्वार्टर फाइनल में चौथे दिन शुक्रवार को नौ विकेट से शानदार जीत अर्जित की। ईडन गार्डन मैदान पर टास हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुये झारखंड की पहली पारी में मात्र 173 रनों पर सिमट गयी। कुमार सूरज (89) ने अपने दम पर झारखंड को बचाने का भरपूर प्रयास किया मगर उनके छह बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई तक ले जाने में भी असफल रहे। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बंगाल ने अपनी पहली पारी में 328 रनो का स्कोर खड़ा कर 155 रनों की लीड हासिल कर ली। बंगाल को लीड हासिल कराने में अभिमन्यु ईश्वरन (77) और सुदीप गोस्वामी (68) का योगदान अहम रहा। बंगाल के गेंदबाजों ने दूसरी पारी में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर मेहमान टीम की दूसरी पारी भी 221 रन पर समेट दिया और जीत के लिये जरूरी रन मात्र एक विकेट खोकर हासिल कर लिये।

## मोदी पांच फरवरी को जयपुर महाखेल के प्रतिभागियों को करेंगे संबोधित

नयी दिल्ली, 4 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार (05 फरवरी) को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जयपुर महाखेल के प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। महाखेल का आयोजन जयपुर ग्रामीण से लोकसभा सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौर द्वारा 2017 से किया जा रहा है। जयपुर महाखेल में इस वर्ष विशेष तौर पर कबड्डी प्रतियोगिता पर ध्यान दिया जा रहा है। गत 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के दिन यह शुरू हुआ था। इस आयोजन में 450 से अधिक ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओं और सभी आठ विधान सभा क्षेत्रों के वार्डों के 6400 से अधिक युवाओं और खिलाड़ियों की भागीदारी देखी गयी है। जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के महाखेल का आयोजन शहर के युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है और उन्हें खेल को करियर में विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित भी करता है।

## मैसी 2026 विश्व कप तक खेलने पर कर रहे है विचार

ब्यूनस आयर्स, 4 फरवरी। अर्जेंटीना फुटबाल टीम के कप्तान लियोनेल मेसी ने कहा है कि वह 2026 फीफा विश्व कप में खेलने पर विचार कर रहे है लेकिन उनकी भागीदारी कई बातों पर निर्भर करेगी। इससे पहले मेसी ने कतर में 2022 विश्व कप फुटबॉल के बाद सन्यास की घोषणा की थी। कतर विश्व कप में अर्जेंटीना के विजयी अभियान ने मेसी को छठें विश्व कप में खेलने की संभावना पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया। विश्व कप में मेसी ने सात गोल किए और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। मेसी अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में टूर्नामेंट के दौरान 39 साल के हो जाएंगे। 35 वर्षीय मेसी ने अर्जेंटीना के खेल दैनिक समाचार पत्र ओले को बताया कि मुझे नहीं पता, मैंने हमेशा कहा है कि उम्र के कारण मुझे लगता है कि 2026 टिके रहना मुश्किल होगा। मुझे फुटबॉल खेलना पसंद है और जब तक फिट महसूस करता हूं और इसका आनंद लेना जारी रखूंगा। लेकिन अगले विश्व कप तक बहुत कुछ कई चीजों पर निर्भर करेगा।

## ठाकुर ने तीसरे खेलो इंडिया शीतकालीन खेल के शुभंकर, थीम सॉन्ग, जर्सी को किया लॉन्च

जम्मू, 4 फरवरी। खेलो इंडिया शीतकालीन खेल के तीसरे संस्करण के लिए केंद्रीय मंत्री खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को थीम सॉन्ग, शुभंकर और जर्सी को लॉन्च किया। जम्मू के उपराज्यपाल भवन में आयोजित कार्यक्रम में खेलो इंडिया शीतकालीन खेल के थीम सांन्ग, शुभंकर के साथ-साथ जर्सी भी लॉन्च की गई है। इस वर्ष शीतकालीन खेल का आयोजन गुलबर्ग में 10 से 14 फरवरी तक किया जाएगा। सूचना और प्रसारण मंत्री ठाकुर ने कहा कि अमृत काल के पहले बजट में विकसित भारत के संपूर्ण संकल्प की नींव रखी है। बजट के संबंध में उन्होंने कहा कि इस बजट में गरीबों, महिलाओं, मजदूरों, मध्यम वर्ग, युवाओं, किसानों, अनुसूचित जाती, जनजाति (एससी, एसटी), अन्य पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए कुछ न कुछ जरुर है। गुलमर्ग में होने वाले इन खेलों में देश भर के लगभग 1500 एथलीट हिस्सा लेंगे और इसमें नौ खेल स्पर्धाएं होंगी।

## चोटग्रस्त कैमरून का नागपुर टेस्ट में खेलना संदिग्ध

नयी दिल्ली, 4 फरवरी। अंगुली की चोट से उबर रहे ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी कैमरून ग्रीन का भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के पहले मैच में भाग लेने पर संशय का बादल मंडरा रहे हैं। संतरों की नगरी नागपुर में नौ फरवरी से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिये भारत और आस्ट्रेलिया की टीमें पहले टेस्ट मुकाबले में आमने सामने होंगी। इससे पहले कैमरून की फिटनेस को लेकर संदेह ऑस्ट्रेलिया टीम के लिए झटका माना जा सकता है। कंगारू टीम के कप्तान कमिंस ने कहा ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन अभी पूरी तरह फिट नहीं हुए हैं। वह नेट सत्र में अभ्यास करने आए, लेकिन कुछ खास नहीं कर पाए। ग्रीन अंगुली की चोट से तेजी से उबरने के प्रयास में जुटे हुए है, लेकिन यह आशंका जतायी जा रही है कि भारत के खिलाफ नागपुर में पहले टेस्ट के लिए उनका पूरी तरह से फिट होना संदिग्ध है और ऐसी संभावना कम ही नजर आ रही है कि वह गेंदबाजी कर पाएंगे। ग्रीन को भारत दौरे के लिए रवाना होने से पहले ट्रेनिंग फिर से शुरू करने की मंजूरी मिली और अब ग्रीन ने नेट्स में बल्लेबाजी और गेंदबाजी शुरू कर दी है। प्रबंधन के लिए उनके पूरी तरह से फिट न होने पर चिंता बनी हुई है।

# 71 रन से जीता सौराष्ट्र

## रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में पंजाब को हराया, सेमीफाइनल की चारों टीमें तय

नई दिल्ली, 4 फरवरी। सौराष्ट्र की टीम ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में पंजाब को 71 रन से हरा दिया है। चारों पारियों में अहम योगदान देने वाले पार्थ भट प्लेयर ऑफ द मैच रहे। इस जीत के साथ टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है। जहां उसका सामना कर्नाटक से होगा। इनके अलावा मध्य प्रदेश और बंगाल की टीम भी सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं।

पांचवें और आखिरी दिन पंजाब को 200 रनों की जरूरत थी। लेकिन, उनके 5 ही विकेट बचे थे। सौराष्ट्र ने 128 रनों पर ही पंजाब के बाकी विकेट लिए और मैच जीत गए। अब सेमीफाइनल में उनका सामना कर्नाटक से होगा।

31 जनवरी को सौराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। टीम ने पहली पारी में 303 रन बनाए। बॉलर पार्थ भट ने 111 रन की नॉटआउट पारी खेली। उनके बाद स्नेल पटेल ने 70 रन बनाए। पंजाब के मयंक मारकंडे ने 4 और बलतेज सिंह ने 3 विकेट लिए।

दूसरी पारी में पंजाब ने 431 रन बनाकर 128 रन की बढ़त बना ली। दोनों ओपनर प्रभसिमरन सिंह और नमन धीर ने शतक जड़े। प्रभसिमरन ने 126 और नमन ने 131 रन बनाए। कप्तान मनदीप सिंह ने भी 91 रन बनाए। सौराष्ट्र से धर्मेंद्रसिंह जडेजा ने 5 और पार्थ भट ने 3 विकेट लिए। तीसरी पारी में सौराष्ट्र ने 379 बनाए। प्रेरक मांकड़ ने 88 और पार्थ भट ने 51 रन बनाए। कप्तान अर्पित वसावड़ा और चिराग जानी ने 77-77 रन की पारियां खेलीं। पंजाब के विनय चौधरी ने 7 विकेट लिए।



252 रन के टारगेट के सामने आखिरी पारी में पंजाब 180 रन ही बना सका। मनदीप सिंह ने सबसे ज्यादा 45 और पुखराज मान ने 42 रन बनाए। कोई भी बैटर फिफ्टी नहीं जड़ सका। सौराष्ट्र से पार्थ भट ने 5, धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने 3 और युवराजसिंह डोडिया ने 2 विकेट लिए। चारों पारियों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले पार्थ भट प्लेयर ऑफ द मैच रहे। सौराष्ट्र के पार्थ भट प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने पहली पारी में शतक जड़ा और चौथी पारी में 5 विकेट झटके।

रणजी ट्रॉफी के इस सत्र में सेमीफाइनल की सभी 4 टीमें तय हो चुकी हैं। एक क्वार्टर फाइनल का नतीजा शनिवार को आया, वहीं 3 मैचों के नतीजे शुक्रवार को ही आ गए थे। बंगाल ने कोलकाता में झारखंड को 9 विकेट से हराया था। मध्य प्रदेश ने इंदौर में आंध्र प्रदेश पर 5 विकेट से जीत दर्ज की। वहीं, कर्नाटक ने बेंगलुरु में उत्तराखंड को पारी और 281 रनों से हराया। 8 से 12 फरवरी के बीच इंदौर में मध्य प्रदेश और बंगाल के बीच पहला सेमीफाइनल खेला जाएगा। वहीं, कर्नाटक और सौराष्ट्र के बीच दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला बेंगलुरु में होगा। फाइनल मुकाबला 16 फरवरी से खेला जाएगा।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने साउदी लीग में पहला गोल दागा

### 93वें मिनट में पेनल्टी परआया गोल, अल-नसर ने 2-2 से ड्रॉ किया

नई दिल्ली, 4 फरवरी। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने आखिरकार सऊदी प्रो लीग में अल-नासर के लिए अपना खाता खोला। शुक्रवार को उन्होंने अल फतह टीम के सामने 93वें मिनट में गोल दागा, लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके।

रोनाल्डो के लिए यह निराशाजनक गेम था। उन्होंने, स्कोर करने के दो मौके गवाएं और पहले 30 मिनट में कई बार बॉल भी बाहर भेजी। हालांकि, आखिर में उन्होंने पेनल्टी स्कोर कर अपने फैंस को खुश कर दिया और सऊदी अरब लीग में अपना पहला गोल स्कोर किया। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने साउदी अरब के क्लब अल नासर से 1730 करोड़ रुपए (200 मिलियन यूरो) की फीस पर रिकॉर्ड डील साइन की है।

क्रिश्चियन टेलो ने अल फतेह को करीबी मुकाबले में बढ़त दिलाने के लिए शानदार फिनिश किया, लेकिन हाफ टाइम से ठीक पहले एंडरसन तालिस्का ने अल-नासर के लिए बराबरी कर ली। ज्यादातर समय गेम बराबरी का ही रहा। 58वें मिनट में सोफिन बंडेबका ने स्कोर किया। आखिर में इंजरी टाइम में रोनाल्डो ने 93वें मिनट में पेनल्टी स्कोर की और टीम को ड्रॉ दिलाया।

गेम की शुरुआत में रोनाल्डो ने बॉल को नेट के पीछे भेजा, लेकिन, इसे ऑफसाइड दे दिया गया। दूसरे हाफ में, उन्हें गोल करने का एक और सुनहरा मौका मिला लेकिन इस बार, उनका शॉट में पावर नहीं था और विपक्षी टीम ने इसे रोक लिया।

अल नासर में आने के बाद से, रोनाल्डो ने केवल दो बार स्कोर किया है, लेकिन दोनों गोल पेरिस सेंट जर्मन के खिलाफ एक फ्रेंडली मैच में आए, ऐसा मैच जिसमें उनकी टीम 4-5 से हार गई।

## कुश्ती संघ की साजिश के शिकार हैं ब्रजभूषण : आनंदेश्वर पाण्डेय

देवरिया, 4 फरवरी। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्लूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह पर लगे आरोप का बचाव करते हुए उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव आनंदेश्वर पाण्डेय ने कहा कि कुश्ती संघ के आगामी चुनाव को देखते हुए एक गुट कब्जा करने की नियत से बेबुनियाद आरोप लगाकर माहौल को अपने पक्ष में करने का प्रयास कर रहा है !

बृजभूषण पर यौन शोषण के लगे आरोपों के सवाल पाण्डेय ने कहा वास्तव में ब्रजभूषण प्रायोजित राजनीति के शिकार बन गये हैं। दो महीने में भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव होने वाले है। इस पर एक गुट कब्जा करना चाहता है।इसलिए इस तरह के आरोप लगाया गया है। यदि इसमें तनिक भी सच्चाई होती तो आज तक क्यों किसी महिला पहलवान ने उन पर मुकदमा दर्ज कराया।

उन्होंने कहा कि सीनियर खिलाड़ी जब रिटायरमेंट के करीब आ जाते हैं तो वह चाहते हैं कि बिना ट्रायल के ही उनका नाम चलता रहे, जिससे वह सीएसआर फंड ले सके। यह केन्द्र सरकार की टाप स्कीम होती है जिसमें करोड़ों रुपए प्रति वर्ष खिलाड़ी को तैयारी करने के लिए इस उम्मीद से मिलता है कि वह अगले वर्ष देश के लिये पदक लेकर आयेंगे। लेकिन जब वे जाते हैं और ओलंपिक में भाग लेते हैं तो उनकी मांसपेशियां जवाब दे देती है अथवा वह सेकंड राउंड में हार कर बाहर चले आते हैं और कहते हैं कि मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है।

डा पाण्डेय ने कहा कि केन्द्र सरकार ने चार साल तक सीनियर खिलाड़ियों के विदेशी कोचिंग के नाम पर खर्च किये लेकिन इसके बाद भी इतने पैसे कोचिंग के नाम पर खर्च करने के बाद आप हारते हैं और जिस गेम से आते हैं उसका अधिकारी सवाल करते हैं तो परेशानी हो जाती है।उन्होंने कहा कि कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह पर जो आरोप महिला खिलाड़ियों द्वारा लगाया है। वे महिला खिलाड़ी क्यो नहीं सामने आकर मुकदमा दर्ज कराती।

उन्होंने कहा कि 12 साल से बृजभूषण सिंह भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष हैं और उनके कार्यकाल में कुश्ती ने सफलता के नये आयाम को पाया है लेकिन राजनीतिक गुटबाजी के कारण कुश्ती संघ के अध्यक्ष पर आरोप लगाये गये थे।

## रोमांचक फाइनल में जीता पर्थ स्कॉर्चर्स

### ब्रिसबेन हीट को 5 विकेट से हराया, 5वीं बार बने चैम्पियन



नई दिल्ली, 4 फरवरी। पर्थ स्कॉर्चर्स ने ऑस्ट्रेलिया की टी-20 लीग बिग बैश लीग का खिताब जीत लिया है। टीम ने रोमांचक फाइनल में ब्रिसबेन हीट को 5 विकेट से हराया। टीम को आखिरी ओवर में 10 रन की जरूरत थी। पहली बॉल पर एक रन आया, दूसरी बॉल पर निक हॉबसन ने छक्का जड़ दिया और तीसरी बॉल पर चौका मारकर टीम को लगातार दूसरी बार और ओवरऑल 5वीं बार चैंपियन बना दिया। पर्थ स्कॉर्चर्स को आखिरी 18 बॉल पर 38 रनों की जरूरत थी। निक हॉबसन और कूपर कोनोली ने हीट के बॉलर जेम्स ब्रेजली के ओवर में 2 छक्के, एक चौका और 2 रन लेकर कुल 18 रन बना दिए। 12 बॉल पर 20 रन की जरूरत थी। तब स्पेंसर जॉनसन के ओवर में दोनों खिलाड़ियों ने 10 रन जोड़ लिए।

आखिरी ओवर में भी 10 ही रन चाहिए। माइकल नेसर बॉलिंग करने आए, लेकिन स्कॉर्चर्स के बैटर्स ने शुरुआती 3 बॉल पर ही टारगेट हासिल कर लिया।

पर्थ स्टेडियम में ब्रिसबेन हीट ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया। उन्होंने 20 ओवर में 7 विकेट पर 175 रन बनाए। टीम के लिए जोस ब्राउन ने 25, सैम हीजलेट ने 24, नाथन मैकस्वीनी ने 41, मैक्स ब्रायंट ने 31 और सैम हेन ने 21 रन बनाए। बाकी बैटर्स 10 का आंकड़ा भी नहीं छू सके। पर्थ के लिए जेसन बेहरनडॉर्फ और मैथ्यू केली ने 2-2 विकेट लिए।

177 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पर्थ ने 8 ओवर में ही 3 विकेट गंवा दिए। इस वक्त टीम का स्कोर 54 रन ही था। टीम ने 16.5 ओवर में 137 रन पर 5 विकेट गंवा दिए। आखिरी 3 ओवर में 38 रन चाहिए थे। पर्थ के हॉबसन और कूपर ने बागडौर संभाली और 16 बॉल में 41 रन की नॉटआउट पार्टनरशिप कर टीम को जीत दिला दी। पर्थ के कप्तान एश्टन टर्नर ने सबसे ज्यादा 53 रन बनाए। उनके अलावा कूपर कोनोली ने नाबाद 25, जोस इंग्लिश ने 26, स्टीफन एस्कीनाजी ने 21, आरोन हार्डी ने 17, कैमरून बैनक्रॉफ्ट ने 15 और निक हॉबसन ने नाबाद 18 रन बनाए।

## बल्लेबाजों के दम पर अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब की शानदार जीत

लखनऊ, 4 फ़रवरी। प्रियम गर्ग (59), मोहम्मद सैफ (47) और अजित वर्मा (44) की धमाकेदार पारी से अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब ने जी20 बीबीडी सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग में शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में ध्रुव क्रिकेट अकादमी को सात विकेट से पराजित किया। चौक स्टेडियम पर खेले गए इस मुकाबले में ध्रुव क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 36 ओवर में आठ विकेट पर 203 रन का मजबूत स्कोर बनाया। सलामी बल्लेबाज निखिल गुप्ता (48) ने जुझारू पारी खेली लेकिन उनके जोड़ीदार उदय तिवारी एक रन बनाकर चलते बने। तीसरे नंबर पर उतरे कप्तान अभिषेक कौशल ने निखिल गुप्ता के साथ दूसरे विकेट के लिए 104 रन की मजबूत साझेदारी की। अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब से संदीप यादव और अंकुर चौहान ने तीन-तीन विकेट हासिल किये जबकि मोहम्मद सैफ को दो विकेट मिले। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब ने 29.2 ओवर में तीन विकेट पर 204 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से अपने नाम कर लिया।

## ऑस्ट्रेलिया जीत सकता है बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : चैपल

सिडनी, 4 फरवरी। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच आगामी नौ फरवरी से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए पहला टेस्ट मैच शुरू होने जा रहा है। महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया आगामी चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला जीत सकता है। महान बल्लेबाज चैपल ने कहा कि भारत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चार टेस्ट मैच की श्रृंखला में अपने मुख्य विकेटकीपर एवं बल्लेबाज ऋषभ पंत और गेंदबाजी से सबसे परेशान करने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण आस्ट्रेलिया के मुकाबले कमजोर पड़ता दिखाई दे रहा है। चैपल ने 'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' में अपनी राय देते हुए लिखा, ऑस्ट्रेलिया इस श्रृंखला को जीत सकता है। भारतीय विकेटकीपर एवं बल्लेबाज ऋषभ पंत, ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और गेंदबाज जसप्रीत बुमराह जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण भारत पिछले कुछ समय से टेस्ट मैचों में इन खिलाड़ियों के बिना कमजोर पड़ता दिखाई दिया है। भारतीय टीम अकेले विराट कोहली पर बहुत अधिक नहीं टिक सकती। उन्होंने कहा कि भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया टेस्ट मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ आगे की सीरीज की ट्रेनिंग के लिए 'डुप्लीकेट अश्विन' मिला। जबकि उनका विकेटकीपर-आक्रामक बल्लेबाज पंत कार दुर्घटना के दौरान गंभीर रूप से चोटिल होने के कारण साल के अधिकांश मैंचों में टीम से बाहर हैं। पंत को चोट से उबरने में अभी समय लगेगा। भारतीय तेज गेंदबाज बुमराह (पीठ की चोट) के कारण पहले दो टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल नहीं हैं। चैपल ने लिखा घुटने की चोट से उबरने वाले और पिछले महीने रणजी ट्रॉफी में वापसी करने वाले स्पिन गेंदबाज एवं ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को गुरुवार से नागपुर में शुरू हो रही टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। गौरतलब है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारत और आस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट मैच 09 फरवरी से नागपुर में खेला जाएगा।

## रो पड़ी पीटी उषा, कहा- जब से सांसद बनी परेशान किया जा रहा, एकेडमी पर हो रहा अवैध निर्माण

नई दिल्ली, 4 फरवरी। भारतीय ओलिंपिक एसोसिएशन की प्रेसिडेंट पीटी उषा दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रो पड़ीं। उषा ने केरल के कोझिकोड में मौजूद अपनी एकेडमी 'उषा स्कूल ऑफ एथलेटिक्स' की जमीन पर अवैध निर्माण के आरोप लगाए। उषा ने कहा कि इस एकेडमी में देशभर से बच्चियां आती हैं। ये उनकी सुरक्षा का मामला है। एकेडमी की जमीन पर कुछ दबंग अवैध निर्माण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए।

उषा ने कहा- मेरे राज्यसभा सांसद बनने के बाद से 'उषा स्कूल ऑफ एथलेटिक्स' को निशाना बनाया जा रहा है। मुझ पर निजी हमले हो रहे हैं। कुछ गुंडों ने शुक्रवार रात एकेडमी में घुसकर गुंडागर्दी की। लड़कियां इससे डर गई हैं। इस तरह की हरकतें बहुत पहले से हो रही हैं। एकेडमी में 25 लड़कियां हैं। इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी गई है। पिछले साल पीटी उषा को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था।

2010 में केरल सरकार ने 30 एकड़ के एरिया पर उषा स्कूल ऑफ एथलेटिक्स को बनाया। इसके लिए किसानों ने जमीन दी थी। उषा बोलीं, शुक्रवार रात को कुछ लोग बगैर हमारी परमिशन के एकेडमी में घुसे और कंस्ट्रक्शन वर्क करने लगे। लोग बोले कि उन्हें पंचायत से परमिशन मिली है। उषा बोलीं कि अगर ये एकेडमी की जमीन है तो काम करने के लिए उनकी परमिशन क्यों नहीं ली गई। कलेक्टर और से शिकायत करने के बाद ही वो लोग वापस गए। उषा बोलीं, एकेडमी में गर्ल्स हॉस्टल भी है, जिनकी सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम नहीं है। इसलिए मैं पंचायत, जिला प्रशासन और केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से गुहार लगाती हूं कि वो एकेडमी में सुरक्षा के इंतजाम करें। दिग्गज एथलीट पीटी ऊषा सोमवार को इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन की पहली महिला अध्यक्ष बन गईं। के इलेक्शन में 58 साल की ऊषा के अलावा किसी दूसरे कैंडिडेट ने नॉमिनेशन नहीं किया था।

## उम्रदराज दिल्ली को हरा जम्मू कश्मीर बना चैम्पियन

नई दिल्ली, 4 फरवरी। एजी जम्मू कश्मीर ने इंडियन ऑडिट एंड अकाउंट्स डिपार्टमेंट के उत्तर क्षेत्र क्लस्टर के फुटबाल के फाइनल में मेजबान दिल्ली ऑडिट को 2-1 से परास्त कर खिताब जीत लिया।

नेहरू स्टेडियम पर खेले गए रोमांचक फाइनल में दिल्ली ने निक के गोल से बराबरी पाई लेकिन मेजबान टीम के उम्रदराज खिलाड़ियों पर थकान भारी पड़ी और अंततः बेहतर दम खम वाली टीम विजयी रही। भले ही दिल्ली हार गई लेकिन फाइनल राउंड के लिए दोनों टीमें क्वालीफाई कर गई हैं, जो कोलकाता में खेला जाएगा। रेफरी के साथ उलझने के चलते जम्मू कश्मीर के बिलाल को लाल कार्ड दिखा कर 40वें मिनट में मैदान से बाहर कर दिया गया।

## कोलकाता-बेंगलुरु मुकाबले से होगा पीवीएल पार्ट-2 का आगाज

बेंगलुरु, 4 फरवरी। बेंगलुरू में शुरू होने वाले प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) सीज़न-2 का आगाज शनिवार शाम गत चैंपियन कोलकात थंडरबोल्ट्स और मेजबान बेंगलुरू टॉरपीडो के बीच मुकाबले से होगा। टूर्नामेंट के आयोजकों के साथ सभी टीम कप्तानों ने शुक्रवार को यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। बेंगलुरु शहर में मैच को सीधा प्रसारण देखने के लिए प्रशंसकों के काफी उत्साह देखा जा रहा है। प्राइम वॉलीबॉल लीग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) श्री जॉय भट्टाचार्य ने पहले सीज़न की समाप्ति के बाद से टूर्नामेंट की जबरदस्त सफलता का जिक्र किया। इस बीच, रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग के सीज़न 2 का पहला मैच आज (चार फरवरी) को होगा, जिसमें गत चैंपियन कोलकाता थंडरबोल्ट्स का सामना मेजबान बेंगलुरु टॉरपीडोज़ से होगा। पहले सत्र में टीम को ट्रॉफी दिलाने वाले थंडरबोल्ट्स के कप्तान अश्वल राय ने आगामी मुकाबले पर बात करते हुए कहा कि हम प्रतिद्वंदी टीम के साथ मुकाबला करने को तैयार हैं। बेंगलुरु टॉरपीडो के कप्तान पंकज शर्मा ने उम्मी जतायी कि घरेलू दर्शकों की उपस्थिति मैच में उनकी टीम का उत्साह बढायेगी। उन्होंने कहा, हमने प्रशिक्षण सत्रों में बहुत ज्यादा पसीना बहाया है। भट्टाचार्य ने कहा, यह हमारे लिए बहुत खास मौका है, क्योंकि पहले सीजन के बाद हम अपना दूसरा सीजन शुरू कर रहे हैं। यह लीग हर संभव तरीके से आगे बढ़ रही है। हमारे पास इस वर्ष टीमों के पूल में शामिल होने वाले टीम मुंबई उल्का भी हैं।

## स्पिनर पार्शवी को अपने घर में लिया गया हाथों हाथ

बुलंदशहर, 4 जनवरी। अंडर-19 महिला टी-20 विश्व विजेता भारतीय टीम की अहम सदस्य पार्शवी चोपड़ा का शनिवार को अपने गृहनगर बुलंदशहर में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। दक्षिण अफ्रीका से महिला विश्वकप जीतकर बुलंदशहर लौटी पार्शवी चोपड़ा के सम्मान में युवाओं ने सिकंदराबाद की सड़कों पर बाईक रैली निकाल कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया वहीं काफिले पर जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्थानीय खेल प्रेमियों ने युवा खिलाड़ी के प्रति अपने सम्मान का इजहार किया।

पहली बार आयोजित अंडर 19 महिला टी-20 के फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को एकतरफा मुकाबले में हरा कर शान के साथ विश्वकप ट्राफी उठायी थी। फिरकी गेंदबाज पार्शवी ने अपनी गेंदबाजी से दुनिया की दिग्गज बल्लेबाजों को चौंकाया था और टीम की जीत में अपना अहम योगदान दिया था। पार्शवी बुलंदशहर के सिकंदराबाद कस्बे की मूल निवासी हैं।

## भारत का फोकस पंत जैसे लेफ्ती बैटर पर : स्वीप शॉट की प्रैक्टिस कर रहे ताकि ऑस्ट्रेलियन स्पिनर्स परेशान न करें

नई दिल्ली, 4 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआत 9 फरवरी से होगी। पहला मैच नागपुर में खेला जाएगा। मैच से पहले दोनों टीमों ने प्रैक्टिस शुरू कर दी है। दोनों ही टीमें स्पिन अटैक से निपटने के लिए अलग-अलग तरह से प्रैक्टिस कर रही हैं। टीम इंडिया ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में लेफ्ट हैंड अटैकिंग बैटर पर भी फोकस कर रही है।

टीम इंडिया इस समय नागपुर में प्रैक्टिस कर रही है। यहां प्लेयर्स को स्पिनर के खिलाफ स्वीप शॉट लगाते देखा गया। दरअसल, स्वीप शॉट स्पिनर के खिलाफ कई बार कारगर हथियार होता है। स्पिन के सामने बैट का किनारा लगने से बचने के लिए भी स्वीप शॉट का यूज किया जाता है।



देश यानी साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी भी स्पिन के खिलाफ स्वीप शॉट खेलते नजर आते हैं, लेकिन पिछले कुछ दिनों में भारतीय बल्लेबाज भी स्पिन के खिलाफ फंसते नजर आए। ऐसे में वह भी स्वीप शॉट की प्रैक्टिस कर रहे हैं। टीम इंडिया ऋषभ पंत के बिना ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उतर रही है। उनकी कमी दूर करने के लिए मैनेजमेंट लेफ्ट हैंडर पर भी फोकस कर रहा है। इसके लिए टीम में लेफ्ट हैंड विकेटकीपर बैटर ईशान किशन को शामिल किया गया है। जो व्हाइट बॉल में अटैकिंग स्किल्स साबित कर चुके हैं।